समाहरणालय, सीतामढ़ी

जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0

Mob : 9431005035, E-mail - dpo.icds.sitama-BIH@GOV.IN

पत्रांक :- 459 / जि0प्रो0, दिनांक :- 12.03.25

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
सीतामढ़ी।

सेवा में,

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी (NIC),
सीतामढ़ी।

विषय :- **समेकित बाल विकास सेवा योजनान्तर्गत आँगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु विज्ञापन को जिला के बेवसाईट पर प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि समेकित बाल विकास सेवा योजनान्तर्गत आँगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर अनुबंध के आधार पर नियोजन से संबंधित विज्ञापन संख्या 01/2025 की प्रति पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि आँगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर अनुबंध के आधार पर नियोजन से संबंधित विज्ञापन संख्या 01/2025 को जिला के बेवसाईट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नकः-यथोक्त।

विश्वासभाजन

12/3/25

जिला पदाधिकारी
सीतामढ़ी।

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग

समाहरणालय,सीतामढ़ी

जिला प्रोग्राम कार्यालय

आई0सी0डी0एस0,सीतामढ़ी

विज्ञापन सं0–01/2025

समाज कल्याण विभाग बिहार, पटना के संकल्प संख्या 1846 दिनांक 10.06.2010, संशोधित पत्रांक 5994 दिनांक 31.12.2018, आई0सी0डी0एस0 निदेशालय के पत्रांक–4359, दिनांक–26.07.2024 एवं पत्रांक–5547 दिनांक–26.09.2024 के आलोक में सीतामढ़ी जिलान्तर्गत आँगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर अनुबंध आधारित नियोजन हेतु अनुमोदित रोस्टर पंजी के अनुसार महिला पर्यवेक्षिका के रिक्त 45 पदों पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

निदेशक,आई0सी0डी0एस0, निदेशालय, बिहार, पटना के पत्र संख्या ICDS/10036/06–2019 41 दिनांक 29.01.2023 द्वारा इस पद पर नियोजन हेतु आँगनवाड़ी सेविकाओं के लिए अर्हता में अंकित 45 वर्ष की उम्र सीमा में 11 वर्ष की छूट दी गई है।

निदेशक, आई0सी0डी0एस0, निदेशालय, बिहार, पटना के संचिका संख्या ICDS/10036/11–2018 (खण्ड)–1411 दिनांक 21.02.2025 से संसुचित निदेश के आलोक में अपलोड की गई सूचना/विज्ञापन आमजनों के लिए दैनिक समाचार पत्रों एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.sitamarhi.nic.in के साथ–साथ http:// 125.16.175.140:88/VacancyList.aspx बेव पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर आवेदन समर्पित कर सकेंगे। पोर्टल के उपयोग में सहायता हेतु एक यूजर मेनुअल भी आमजनों के डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है।

1. अर्हताओं के लिए विभागीय मार्गदर्शिका संकल्प संख्या 1846 दिनांक 10.06.2010, 5994 दिनांक 31.12.2018 एवं पत्रांक 10036/06–2019,41 दिनांक 29.01.2023 जिला के बेवसाईट www.sitamarhi.nic.in पर ऑनलाईन देखा जा सकता है।
2. नियोजन संबंधी अर्हताओं के लिए विभाग द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका/पत्रों में वर्णित नियम एवं शर्त अक्षरशः लागू होगें।
3. आवेदिका का न्यूनतम् शैक्षणिक योग्यता मैट्रीक उत्तीण या समकक्ष होगी।
4. आवेदिका द्वारा चयन वर्ष (2025)की पहली जनवरी को 10 वर्ष का कार्यकाल आँगनवाड़ी सेविका के रूप में पूर्ण किया गया हो।
5. आवेदिका जिले (सीतामढ़ी) की निवासी हो। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी का आवासीय प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा।
6. चयन के विचारार्थ ऑलनाईन आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में देना अनिवार्य होगा। तथा इसकी प्रति निबंधित डाक से जिला प्रोग्राम कार्यालय, सीतामढ़ी आई0सी0डी0एस0 को भेजना होगा। विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों के अन्दर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, के कार्यालय में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन भरने के उपरांत सभी अभ्यर्थी को जाति प्रमाण–पत्र शैक्षणिक योग्यता परीक्षा के उत्तीणता संबंधित प्रमाण–पत्र, अंक पत्र आदि की अभिप्रमाणित प्रतिया तथा राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा प्रदत चरित्र प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को इस आशय का अंडरटेकिंग देना अनवार्य होगा कि वें नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करेंगे।
7. आवेदन विहित प्रपत्र में साफ स्पष्ट भरे होने के साथ–साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, आवासीय प्रमाण–पत्र एवं संबंधित कागजात की स्व अभिप्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

8. उपरोक्त समय–सीमा के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
9. आवेदन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिला चयन समित, सीतामढ़ी के पास सुरक्षित रहेगा।
10. इस विज्ञापन को बिना कोई कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।
11. विज्ञापन एवं सेवा–शर्तों से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी के अधीन है। जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।
12. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
13. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से NIC Sitamarhi के बेवसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

RP
12/3/25

जिला पदाधिकारी
सीतामढ़ी।